an>

Title: Need to set up a hospital with modern health care facilities in Kairana parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री हुकुम सिंह (कैराना)ः विगत 4 महीनों में देश के अधिकांश भागों में डेंगू का भयंकर प्रकोप रहा है। राजधानी दिल्ली में भी हजारों लोग इससे प्रभावित हुए तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हुई। मेरा लोक सभा क्षेत्र कैराना भी डेंगू रोग से ग्रसित हुआ और सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो गई। स्थानीय स्तर पर इलाज की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों ने स्थिति का अनुचित लाभ उठाते हुए प्रभावित परिवारों का भरपूर शोषण भी किया। अभी तक भी गांवों में डेंगू का प्रभाव मौजूद है। इसके अतिरिक्त प्रदूषित जल एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारण हजारों की संख्या में लोग हृदय रोग, टीबी तथा कैंसर के रोगों से ग्रसित हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के कैराना, शामली, थानाभवन, नकुड़, गंगोह में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक भी चिकित्सालय नहीं है। गरीब लोगों के लिए निजी चिकित्सालयों में इलाज कराना संभव नहीं हो पा रहा है। अतः बीमारी का शिकार होकर मौत के मुंह में जाने को मजबूर हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त किसी भी स्थान पर सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित चिकित्सालय की अविलम्ब स्थापना की जाए ताकि लाखों लोगों की गंभीर रोगों से रक्षा की जा सके।